UTTARAKHAND

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
# प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग
# कर्णप्रयाग

Phone/Fax- 01363-244204 Email- eepdpwdkpg@gmail.com

पत्रांक 1125 / 10 प्र०ख० दिनांक 05/07/2021

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
बद्रीनाथ वन प्रभाग
गोपेश्वर।

विषयः– मा0 मुख्यमंत्री घोषणा के अन्तर्गत जनपद चमोली के विधानसभा क्षेत्र कर्णप्रयाग में सिमली–बेनीताल मोटर मार्ग का जंगलचट्टी तक विस्तारीकरण।

सन्दर्भः– दिनांक 02.07.2021 को लगायी गयी आपत्तियों का निराकरण।

महोदय,

उपरोक्त विषयक कार्य पर आपके द्वारा लगायी गयी आपत्तियों का बिन्दुवार निराकरण निम्न प्रकार हैः–

| क.सं | आपत्तियां | निराकरण |
|---|---|---|
| 1 | प्रस्ताव के प्रतिवेदन प्रपत्र में प्रस्तावित वन भूमि 7.00 मीटर चौड़ाई में प्रस्तावित की गयी है जबकि लैण्ड शैड्यूल प्रपत्र में 9.00 मीटर चौड़ाई में वनभूमि प्रस्तावित की गयी है के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि आपके द्वारा सड़क का निर्माण कार्य 6.00 मीटर चौड़ाई में ही किया जाना प्रस्तावित है। वनभूमि में 7.00 मीटर चौड़ाई में ही भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव गठित करें। | लैण्ड शैड्यूल में 7.00 मीटर के अनुसार ही वनभूमि प्रस्ताव गठित किया गया है। |
| 2 | एफ0आर0ए0 प्रपत्र के 23.2 उप जिलाधिकारी समिति प्रपत्र में उप जिलाधिकारी का नाम व बैठक का दिनांक अंकित नहीं किया गया है। | एफ0आर0ए0 प्रपत्र के 23.2 उप जिलाधिकारी समिति प्रपत्र में उप जिलाधिकारी का नाम व बैठक का दिनांक अंकित है। |
| 3 | प्रस्तावित वनभूमि में बांज के 617 वृक्ष एवं बांज सहित अन्य प्रजाति के कुल 1467 वृक्ष प्रभावित हो रहे हैं। प्रस्तावित समरेखण के अतिरिक्त दो अन्य समरेखणों का चयन करते हुए समरेखण में आ रहे वृक्षों की सूची भी प्रस्ताव में संलग्न करें एवं तीनों समरेखणों में जिस समरेखण में वनभूमि वृक्षों की संख्या कम से कम प्रभावित हो रही हो उक्त समरेखण को प्रस्तावित समरेखण चयनित करें। डिजिटिल मैप व जियो रिफरेन्स मैप में भी प्रस्तावित समरेखण के अलावा दो अन्य समरेखणों को भी दर्शायें। | उक्त वनभूमि प्रस्ताव में जो प्रस्तावित समरेखण का चयन किया गया है वह अन्य वैकल्पिक समरेखण की तुलना में न्यूनतम वृक्षों एवं न्यूनतम वनभूमि के आधार पर ही किया गया है तथा पूर्व में जब उक्त वनभूमि प्रस्ताव के डिजिटल मैप व जियो रिफरेन्स मैप तैयार किये जा रहे थे तब आपके द्वारा दो अन्य वैकल्पिक समरेखणों की जगह एक वैकल्पिक समरेखण को ही डिजिटल मैप व जियो रिफरेन्स मैप में दर्शाने हेतु कहा गया था जिसमें अब बार–बार परिवर्तन किया जाना सम्भव नहीं है। |

अतः उपरोक्त आपत्तियों का निराकरण कर सूचनार्थ प्रेषित।

05.07.21

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लो.नि.वि.
कर्णप्रयाग

पत्रांक / दिनांक / /2021

प्रतिलिपिः– जिलाधिकारी महोदया चमोली को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः– सहायक अभियन्ता (द्वितीय) लो0नि0वि0 कर्णप्रयाग को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः– कनिष्ठ अभियन्ता (प्रा0) लो0नि0वि0 कर्णप्रयाग को अभिलेख हेतु प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लो.नि.वि.
कर्णप्रयाग

Scanned with CamScanner